LAVASA

# यूकेआईबीसी एवं लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने व्यवहारात्मक प्रशिक्षण को सुगम बनाने के लिए किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**मुम्बई, 16 जनवरी, 2014** : यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (इंडिया) और हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) की सहायक कंपनी लवासा कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एलसीएल) ने महाराष्ट्र राज्य में एक नियोजित पर्वतीय नगर, लवासा में व्यहारात्मक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक अग्रगामी परियोजना आरम्भ करने के लिए आज यूके के कौशल एवं उद्यम मंत्री मैथ्यू हैनकॉक की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य है निर्माण एवं सुरक्षा क्षेत्रों में संलग्न कार्यबलों के कौशलों में वृद्धि करना और उन्हें रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करना। अग्रगामी परियोजना के लिए यूकेआईबीसी विविध परिचालनात्मक कौशलों से युक्त कौशल प्रदाताओं का एक संघ निर्मित करेगी और सचिवालय के रूप में कार्य करेगी। यह संघ एलसीएल के साथ मिलकर उसके कार्यबल एवं स्थानीय समुदाय के कौशल–उन्नयन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए घनिष्ठ रूप से कार्य करेगा।

भारत का कौशल एवं शिक्षा क्षेत्र इस समय सघन परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है। अपनी युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था के साथ, इस देश को अपने बढ़ते हुए आकांक्षापूर्ण कार्यबल के कौशल–उन्नयन की आवश्यकता है। लक्ष्यों में शामिल हैं 2020 तक 4 करोड़ स्नातक स्थानों का सृजन करना और 11,000 बिल्कुल नए विद्यालयों का निर्माण करना। भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के सरकारी प्रयासों के साथ संयोजित हो कर, कौशल प्रावधान का यह अतिविशाल विस्तार यूके के विश्वस्तरीय कौशल प्रदाताओं के लिए एक विशाल अवसर प्रस्तुत करता है।

यूके के शैक्षणिक संस्थान विविध कौशल प्रशिक्षणों के लिए व्यावसायिक मानक–निर्धारण में विश्वअग्रणी हैं, और ये लक्ष्य यूके कौशल प्रदाताओं के लिए भारत में विशाल अवसर प्रस्तुत करते हैं। योग्यताओं और मानक निर्धारण में, सिटी एंड गिल्ड्स, ऐडेक्सेल, एवं स्कॉटिश क्वालिफ़िकेशन अथॉरिटी जैसे संगठन पहले से ही भारतीय बाजार में सक्रिय हैं।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के विषय में बोलते हुए, यूकेआईबीसी के अध्यक्ष माननीय पैट्रीसिया ह्यूइट ने कहा कि, "मैं बहुत प्रसन्न हूँ कि यूकेआईबीसी और लवासा

LAVASA

कॉर्पोरेशन इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर रहे हैं जो न केवल लवासा के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने में मदद करेगा बल्कि लवासा समुदाय के लोगों के प्रशिक्षण में भी मददगार सिद्ध होगा। मेरा मानना है कि यूके बृहदस्तरीय प्रशिक्षणों में भारतीय व्यापारों की शक्तियों से सीखने के साथ–साथ, मानकों के निर्धारण में नवोन्मेषी कौशल सुपुर्दगी और विशेषज्ञता प्रस्तुत कर सकता है। प्रशिक्षण संस्थानों के मध्य यूके–भारत साझेदारियाँ पहले से ही बढ़ रही हैं, लेकिन अभी कहीं अधिक की गुंजाइश शेष है।"

यूकेआईबीसी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने पर टिप्पणी करते हुए, लवासा कॉर्पोरेशन लि. के अध्यक्ष नाथन ऐंर्ड्यूज़ ने कहा कि, "लवासा कॉर्पोरेशन वर्तमान के आतिथ्य, शिक्षा, यात्रा एवं अवकाश व्यापारों के अतिरिक्त कई नए व्यापारों का स्वागत करने के लिए तैयार है। कार्यबल का कौशल–उन्नयन करने के लिए यूकेआईबीसी से किया गया गठबंधन, इस पर्वतीय शहर में सम्भावित व्यापार प्रदान करने में मदद करेगा जहाँ साथ कार्य करने के लिए कुशल एवं प्रतिभाशाली समुदाय मौजूद होगा। वर्तमान में लवासा में कार्य कर रहे स्थानीय समुदाय के कई लोगों को भी बहुत लाभ पहुँचेगा क्योंकि यह प्रशिक्षण उनके कौशलों में वृद्धि करेगा और बेहतर रोज़गार अवसर खोजने में उन्हें सक्षम बनाएगा।"

<u>लवासा कॉर्पोरेशन के विषय में</u>

लवासा आधुनिक भारत का पहला हिल सिटी है, जहां लोग प्रकृति के सान्निध्य में रह सकते हैं, काम कर सकते हैं, सीख सकते हैं और खेल–कूद सकते हैं। लवासा एक विस्तृत शहर है, जिसे एचसीसी (हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी) द्वारा 10,000 हेक्टेयर से अधिक जमीन पर विकसित किया जा रहा है। यह नव–शहरीकरण के सिद्धांत पर आधारित है। यह मुंबई से तीन घंटे और पुणे से एक घंटे की ड्राइव पर है। लवासा में हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बिजनेस, शोध और इंडस्ट्री की दुनिया भर की प्रमुख अग्रणी संस्थाएं होंगी। पहाड़ियों में बसा यह शहर आधुनिक किंतु कालातीत वास्तुशिल्पीय डिजाइन, आवास के लिए विभिन्न विकल्प जैसे किराये पर आवास, अपार्टमेंट और विला प्रदान करता है। उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा व सुविधाओं के साथ, यह शहर लोगों को संपूर्णता के साथ अपनी जिंदगी जीने में सक्षम बनाता है। लवासा में पिछले 12 महीनों में सात लाख आगंतुक आ चुके हैं।

**यूकेआईबीसी के विषय में**

यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) एक प्रमुख व्यापार–नीत संगठन है जो दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य है व्यापार–व्यापार संवाद के माध्यम से यूके व भारत के मध्य व्यापार वृद्धि को सुगम बनाना। यूकेआईबीसी मुक्त–व्यापार एवं निवेश को फलने–फूलने देने वाले वातावरण का सृजन करने व उसे बनाए रखने में एक प्रभावशाली भूमिका निभाता है। साझेदारियों को सुगम

बनाने के माध्यम से और, प्रभावशाली कॉर्पोरेट एवं वैयक्तिक सदस्यों के एक व्यापक नेटवर्क के साथ, यूकेआईबीसी भारत में उभर रहे अवसरों से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए यूके की कंपनियों के लिए अत्यावश्यक संसाधन, ज्ञान व अवसंरचना सहयोग प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.UKIBC.com पर पधारें।

**मीडिया पूछताछ के लिए:**



| | |
|---|---|
| **ऐडफैक्टर्स पीआर**<br>**श्री परीक्षित जोशी** – 98339 17030<br>parikshit.joshi@adfactorspr.com<br>**श्री निनाद सिद्धये** – 9619500760<br>ninad.siddhaye@adfactorspr.com | **लवासा कॉर्पोरेशनल लिमिटेड**<br>**श्री अश्विन शेट्टी** – 99670 2429<br>ashwin.shetty@lavasa.com<br>**श्री अंकुल भवसार** – 9820168842<br>ankul.bhavsar@lavasa.com |